संख्या–cm-58
29/01/2019

हजरत मौलाना मोहम्मद कासिम साहब के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना 29 जनवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मदरसा इस्लामिया, शमसुल होदा पटना के पूर्व प्रिंसिपल हजरत मौलाना मोहम्मद कासिम साहब के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि हजरत मौलाना मोहम्मद कासिम साहब के इन्तकाल की खबर से बहुत दुखी हूँ। उन्होंने कहा कि हजरत मौलाना मोहम्मद कासिम साहब जमीयत–ए–उलमा बिहार के सदर, जामिया मदनीया सबलपुर पटना के संस्थापक तथा बिहार के मशहूर आलिम–ए–दीन थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि वे उन्हें जन्नत में अहम मकाम अता करे और उनके परिवार वालों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की ताकत दें।

******